ॐ

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## सतना हाफ मैराथन: 2022

(20.11.2022 रविवार)


**न्यासी मंडल**

**डॉ. राकेश मिश्र** (अध्यक्ष)

**श्रीमती आशा रावत** (सचिव)

**श्रीमती मालती मिश्रा** (न्यासी)

**श्रीमती रेखा अवस्थी** (कोषाध्यक्ष)

**डॉ. रचना मिश्रा,**

**श्रीमती प्रमिला मिश्रा व संकल्प मिश्र**



**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

'नेह निकुंज' बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)

'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)


सतना हाफ मैराथन : 2022
(तृतीय संस्करण)
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
सतना (म.प्र.)


सतना हाफ मैराथन : 2022
(तृतीय संस्करण)
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
सतना (म.प्र.)
www.gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas

***

## कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन: 2022

दिनांक : 20 नवम्बर, 2022 (रविवार)

कार्यक्रम स्थल : दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर, सतना (म.प्र.)

- **सतना हाफ मैराथन में राजस्थान के गोरधन मीना अव्वल रहे**
- **गौरवशाली आयोजन से सतना के नागरिकों में हर्ष की लहर**
- **विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम एवं योगेश ताम्रकार महापौर ने दिखाई हरी झंडी**
- **शहर को मिली अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय पहचान**

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब, तेलंगाना, मेघालय दिल्ली सहित 15 राज्यों के 96 जिलों, 322 स्थानों के 2694 महिला, पुरूष धावकों ने की शिरकत

आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं फ़िट इंडिया का अनोखा एवं अभूतपूर्व आयोजन

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की इस अनुपम पहल से सतना की प्रसिद्धि में लगे और चार चांद

दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम से हुई मैराथन की शुरुआत

सतना नगरवासियों ने बरसाये फूल एवं स्वागत में बजे नगाड़े

माधवगढ़ गेट तक हाफ मैराथन का मार्ग तिरंगामय रहा

स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में रविवार 20 नवम्बर 2022 को सतना हाफ मैराथन का गौरवशाली आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, गोवा, मेघालय, बिहार, उत्तराखण्ड आदि 15 राज्यों के 96 जिलों, 322 स्थानों से 2694 प्रतिभागी महिला, पुरूष तथा महत्वपूर्ण नामी धावक, खिलाड़ी, अभिनेता आदि ने मैराथन में शिरकत की। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम , योगेश ताम्रकार महापौर, पुष्पेंद्र नाथ पाठक, डॉ. सुनीता गोदारा, डॉ. राकेश मिश्र सहित अन्य विशिष्ट लोगों ने हरी झंडी दिखाकर सुबह 7 बजे मैराथन को दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम से रवाना किया।

इस अवसर पर सर्व प्रथम मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम , मध्य प्रदेश शासन के मंत्री रामखेलावन पटेल खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष जितेंद्र लटोरिया, सांसद गणेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, नगर निगम सतना के महापौर योगेश ताम्रकार, मैराथन चैंपियन एवं सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ सुनीता गोदारा, सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा जी ने पं.गणेश प्रसाद मिश्र श्रीमती शांति मिश्रा एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

सेवा न्यास के पदाधिकारियों आशा रावत, मालती मिश्रा, रेखा अवस्थी, डॉ. रचना मिश्रा, प्रमिला मिश्रा व न्यास कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।

**यह रहे विजेता:**

21 किलोमीटर वर्ग में

राजस्थान के जयपुर के गोरधन मीना विजेता रहे। जबकि सीधी के मुकेश मिश्रा दूसरे और नागपुर के घनश्याम पांडुरंगा जी तीसरे नम्बर पर रहे।

10 किलोमीटर वर्ग में इंदौर के नवीन चौहान प्रथम, भदोही के चन्दन यादव दूसरे जबकि हरियाणा के हितेश यादव तीसरे स्थान पर रहे।

अमृत दौड 5 किलोमीटर वर्ग में सतना के चक्रेश कुमार यादव पहले, रत्नागिरी के स्वराज संदीप जोशी दूसरे जबकि कटनी के यश शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

सतना के सांसद गणेश सिंह ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की इस सफल आयोजन के लिये भूरी भूरि सराहना की। गणेश सिंह के अनुसार इस मैराथन से सतना का नाम समूचे देश में और प्रसिद्ध हो गया है। उन्होंने कहा कि सेवा न्यास के ऐसे सराहनीय कार्य हम सभी को समाज कल्याण की दिशा में अनुपम प्रेरणा देते हैं। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम जी ने कहा कि इस तरह की सफल मैराथन का नाम अब विंध्याचल मैराथन या मध्यप्रदेश हाफ मैराथन होना चाहिए।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि मैराथन के लिये पूरे देश से शुभकामना संदेश प्राप्त हुए। डॉ. मिश्र के अनुसार देश की शीर्षस्थ गायिका अनुराधा पोडवाल, अन्नू मलिक, मुकेश भट्ट , सहित बड़ी खेल हस्तियों ने भी शुभकामना सन्देश भेजे। देश व समाज को स्वस्थ रखने की दिशा में सेवा न्यास द्वारा लगातार तीसरे वर्ष इस तरह का आयोजन किया गया। जिसकी समूचे मध्यप्रदेश में तारीफ हो रही है।मैराथन के आयोजन में स्थानीय स्तर पर तैयारियाँ जोर शोर से की गई।

**स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास :**

स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास शिक्षा व संस्कृति के लिये समर्पित है। शिक्षा की अलख जगाने वाले पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी और ममता की मूर्ति माता शांति मिश्रा सेवा न्यास की असीम प्रेरणा हैं। सेवा न्यास सामूहिक परिणय एवं उपनयन संस्कार सहित अन्य जन कल्याणकारी कार्यों में सक्रिय है।

**डॉ. सुनीता गोदारा ने धावकों की जमकर की सराहना :**

सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एम्बेसडर डॉ सुनीता गोदारा ने कहा कि मैराथन के जिन प्रतिभागियों ने उचित समय पर दौड़ पूरी की है वह सभी बड़े शहरों के टॉप एथलीटों के समकक्ष हैं। सभी को उज्ज्वल भविष्य की मेरी तरफ से शुभकामनाएं।

इस मैराथन में पूरे शहर  में स्वागत द्वार बनाकर ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा की गई।

समस्त धावकों को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा उत्तम आवास, भोजन, एनर्जी ड्रिंक, चाय कॉफी बिस्किट प्रदान किया गया।

सतना हाफ मैराथन में विजेताओं को मेडल, ट्रैक सूट दीवार घड़ी,  चेक द्वारा राशि दी गई।

दोनों आयु वर्ग के प्रतिभागियों को फिट इंडिया द्वारा जारी प्रमाण पत्र समय गणना से ऑनलाइन डाउनलोड कर प्रमाण पत्र प्राप्त हो सकेंगे।

*****


द्वारा आयोजित
सतना हाफ मैराथन


द्वारा आयोजित
अभिनंदन!


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
सतना हाफ मैराथन : 2022


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
FIT INDIA
(तृतीय संस्करण)


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
FIT INDIA




द्वारा आयोजित






पं. गणेश


50851
































********

# प. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

**HALF MARATHON, 20 NOV 2022 (SUNDAY)**

## (PRIZE DISTRIBUTION LIST)

**HALF MARATHON : 21 KM** **18-45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Vib. No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | First (Female) | Meenu Sharma | 2025 | 01:22:03 | 25,000 ₹ | 325396 | Uttrakhand |
| 2 | Second (Female) | Priyanka Dashrat | 2039 | 01:30:00 | 15,000 ₹ | 325400 | Maharastra |
| 3 | Third (Female) | Sanjana Kevat | 2062 | 01:34:45 | 11,000 ₹ | 325408 | Satna |
| 4 | Consolation (Female) | Yogita Dhondu | 2049 | 01:35:10 | 1,100 ₹ | 325426 | Maharastra |
| 5 | Consolation (Female) | Bhoomi Negi | 2117 | 01:35:18 | 1,100 ₹ | 325427 | Delhi |
| 6 | Consolation (Female) | Aanchal Verma | 2139 | 01:57:18 | 1,100 ₹ | 325428 | Satna |
| 7 | First (Male) | Mohan Saini | 2102 | 01:04:59 | 25,000 ₹ | 325397 | Uttrakhand |
| 8 | Second (Male) | Virendra Kumar | 2113 | 01:05:57 | 15,000 ₹ | 325401 | Rajasthan |
| 9 | Third (Male) | Rahul Sisodiya | 2004 | 1:06:49:267 | 11,000 ₹ | 325409 | Bhopal |
| 10 | Consolation (Male) | Manish Kumar | 2114 | 1:06:49:519 | 1,100 ₹ | 325429 | Bihar |
| 11 | Consolation (Male) | Pankaj Sharma | 2118 | | 1,100 ₹ | 325430 | Delhi |
| 12 | Consolation (Male) | Aditya Raj | 2019 | 01:14:14 | 1,100 ₹ | 325431 | Jabalpur |

**HALF MARATHON : 21 KM** **Above 45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | First (Female) | Sharda Nagaorav | 2134 | 02:07:14 | 25,000 ₹ | 325398 | Nagpur |
| 14 | Second (Female) | Vinita Sharma | 2126 | 02:15:52 | 15,000 ₹ | 325402 | Jabalpur |
| 15 | Third (Female) | Anita Gera | 2128 | 02:19:19 | 11,000 ₹ | 325410 | Jabalpur |
| 16 | First (Male) | Gordhan Meena | 2129 | 01:13:14 | 25,000 ₹ | 325399 | Rajsthan |
| 17 | Second (Male) | Mukesh Mishra | 2137 | 01:22:03 | 15,000 ₹ | 325403 | Sidhi (M.P.) |
| 18 | Third (Male) | Ghanshyam Pandurang Ji | 2131 | 01:26:54 | 11,000 ₹ | 325411 | Nagpur |
| 19 | Consolation (Male) | Suraj Singh Patta | 2123 | 01:29:02 | 1,100 ₹ | 325435 | Dindori (M.P.) |
| 20 | Consolation (Male) | Nagurao Sheshvar | 2133 | 01:51:55 | 1,100 ₹ | 325436 | Nagpur |
| 21 | Consolation (Male) | Damodar Chaturdas | 2132 | 01:57:04 | 1,100 ₹ | 325437 | Nagpur |

**Yuva Daud : 10 KM** **12-45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | First (Female) | Kumari Deeksha | 1013 | 36:14:00 | 15,000 ₹ | 325404 | Bhopal |
| 23 | Second (Female) | Shakshi Sanjay | 1057 | 36:31:00 | 11,000 ₹ | 325412 | Mumbai |
| 24 | Third (Female) | Varsha Tekam | 1015 | 39:01:00 | 5,100 ₹ | 325416 | Bhopal |
| 25 | Consolation (Female) | Bhagwati Dangi | 1016 | 40:23:00 | 1,100 ₹ | 325438 | Bhopal |
| 26 | Consolation (Female) | Aanchal Saket | 1296 | 43:23:00 | 1,100 ₹ | 325439 | Unchehra (M.P.) |
| 27 | Consolation (Female) | Reenu Kevat | 1097 | 43:30:00 | 1,100 ₹ | 325440 | Unchehra (M.P.) |
| 28 | First (Male) | Navin Chauhan | 1028 | 30:11:00 | 15,000 ₹ | 325405 | Indore |
| 29 | Second (Male) | Chandan Yadav | 1011 | 30:48:00 | 11,000 ₹ | 325413 | Bhadohi, (U.P.) |
| 30 | Third (Male) | Hitesh | 1288 | 30:49:00 | 5,100 ₹ | 325417 | Hariyana |
| 31 | Consolation (Male) | Krishna Kumar Baghai | 1030 | 30:56:00 | 1,100 ₹ | 325441 | Jabalpur |
| 32 | Consolation (Male) | Ashutosh Verma | 1289 | 31:43:00 | 1,100 ₹ | 325442 | Bhopal |
| 33 | Consolation (Male) | Omkar Vishnu | 1056 | 31:55:00 | 1,100 ₹ | 325443 | Ratnagiri |

**Yuva Daud : 10 KM** **Above 45 Yrs**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | First (Female) | Nirmla Patil | 1301 | 01:11:35 | 15,000 ₹ | 325406 | Bhopal |
| 35 | First (Male) | Shubhash Singh | 1317 | 36:22:00 | 15,000 ₹ | 325407 | Rajasthan |
| 36 | Second (Male) | | 1320 | 36:44:00 | 11,000 ₹ | 325415 | |
| 37 | Third (Male) | Sanjay Kumar | 1308 | 37:39:00 | 5,100 ₹ | 325419 | Delhi |
| 38 | Consolation (Male) | Ram Mohan Verma | 1304 | 38:29:00 | 1,100 ₹ | 325447 | UP |
| 39 | Consolation (Male) | Ghanshyam Gupta | 1312 | 44:53:00 | 1,100 ₹ | 325448 | MP |
| 40 | Consolation (Male) | Devidas | 1307 | 47:47:00 | 1,100 ₹ | 325449 | MP |

**Amrit Daud : 05 KM** **All Age Groups**

| S.No | Place | Name of Winner | Batch No. | Time | Amount | Ch_No. | Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | First (Female) | Khushi Raghuvanshi | 50019 | 20:10 | 5,100 ₹ | 325420 | Jabalpur |
| 42 | Second (Female) | Jyotshna | 50257 | 20:59 | 3,100 ₹ | 325422 | Satna |
| 43 | Third (Female) | Sanjna | 50346 | 21:12 | 2,100 ₹ | 325424 | Sihore |
| 44 | Consolation (Female) | Nikita Atul Marle | 50051 | 21:55 | 1,100 ₹ | 325450 | Maharastra |
| 45 | Consolation (Female) | Vandan Yadav | 50391 | 22:49 | 1,100 ₹ | 325451 | UP |
| 46 | Consolation (Female) | Salochna Singh | 50788 | 23:16 | 1,100 ₹ | 325452 | Satna |
| 47 | First (Male) | Swaraj Sandeep Joshi | 50060 2nd | 16:21 | 5,100 ₹ | 325421 | Maharastra |
| 48 | Second (Male) | Chakresh Kumar Yadav | 50147 1st | 16:24 | 3,100 ₹ | 325423 | Satna |
| 49 | Third (Male) | Yash Sharma | 50027 3rd | 16:44 | 2,100 ₹ | 325425 | Bhopal |
| 50 | Consolation (Male) | Rohit | 50005 | 17:03 | 1,100 ₹ | 325453 | UP |
| 51 | Consolation (Male) | Pankaj Kumar Saket | 50075 | 17:05 | 1,100 ₹ | 325454 | Rewa |
| 52 | Consolation (Male) | Vishal Vinod Kanojiya | 50388 | 17:18 | 1,100 ₹ | 325455 | Maharastra |
| | | | | Total | 359,300 ₹ | | |

(आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत)

## सतना हाफ मैराथन: 2022

(तृतीय संस्करण)

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

### "सतना हाफ मैराथन: 2022 हेतु प्राप्त वीडियो द्वारा शुभकामनाएं संदेश"

सोमवार, 07 नवम्बर, 2022

| क्रमांक | महान शख्सियत | दायित्व/पदनाम | वीडियो | लिंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनुराधा पौड्वाल जी | प्रसिद्ध गायिका | ✓ | ANURADHA PAUDWAL JI INDIAN SINGER.mp4 |
| 2 | श्रीमती नमिता रुस्तगी जी | एडीफाई स्पोर्ट्स की डायरेक्टर<br>Director Edify Sports | ✓ | Mrs. Namita Rustagi Ji.mp4 |
| 3 | गायत्री सिद्ध पंडित लक्ष्मण दास रतन भारद्वाज जी | असाध्य रोग निवारक | ✓ | गायत्री सिद्ध पंडित लक्ष्मण दास रतन भारद्वाज जी.mp4 |
| 4 | सुश्री सुनीता गोदारा जी | ब्रांड एम्बेसडर, सतना हाफ मैराथन-2022 | ✓ | Ms. Sunita Godara.mp4 |
| 5 | श्री अनु मलिक जी | भारतीय संगीत निर्देशक एवं गायक | ✓ | Mr. Anu Malik.mp4 |
| 6 | श्री लक्ष्य सेन जी | वर्ल्डसटॉप रैंकेड बैडमिंटन प्लेयर | ✓ | Mr. Lakshya Sen.mp4 |
| 7 | श्री युवराज कुमार जी | राष्ट्रीय पुरस्कार फिल्म निर्देशक | ✓ | Mr. Yuvraj Kumar.mp4 |
| 8 | पं. सोमेश माथुर जी | मशहूर संगीतज्ञ | ✓ | Pt. Somesh Mathur.mp4 |
| 9 | श्री शंकर साहनी जी | गायक | ✓ | Mr. Shankar Sahni.mp4 |
| 10 | श्री विमल कुमार जी | पूर्व -फ्रेंच ओपन बैडमिंटन चैम्पियन व पूर्व मुख्य कोच भारत | | |

(आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत)

## सतना हाफ मैराथन: 2022

(तृतीय संस्करण)

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

### "सोशल मीडिया कवरेज"

सोमवार, 07 नवम्बर, 2022

| क्रमांक | महान शख्सियत | दायित्व/पदनाम | वीडियो | लिंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. राकेश मिश्रा जी द्वारा टी.वी. चैनल को साक्षात्कार | | ✓ | Social Media Coverage & Advertisement\Social Media Coverage.mp4 |
| 2 | Satna Half Marathon ZEE MPCG Live report | | ✓ | Satna Half Marathon ZEE MPCG Live report.mp4 |
| 3 | Sarva Dharm SATNA HALF MARATHON 18 | | ✓ | Sarva Dharm SATNA HALF MARATHON 18 .mp4 |
| 4 | Satna Marathon 2022 | https://youtu.be/zXRsFoqx5d8 | ✓ | Satna Marathon 2022.mp4 |
| 5 | फेसबुक पर सतना हॉफ मैराथन के प्रचार-प्रसार |  | | |

******

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001

20 नवम्बर, 2022 (रविवार) ; समय : प्रातः 6.00 बजे

**स्थान :** दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर, सतना (म.प्र.)

## (मंचीय कार्यक्रम की रूपरेखा)

| समय | कार्यक्रम | विवरण |
|---|---|---|
| प्रातः 6:00 बजे | मंच से लगातार उद्घोषणा चलती रहेंगी : एकत्रीकरण **(संचालन- डॉ. पीयूष जैन जी, अध्यक्ष (PEFI)** | |
| प्रातः 6:15 बजे | **मंच पर आगमन:** अतिथियों को आमंत्रित करना :<br>1. **श्री गिरीश गौतम जी, अध्यक्ष, म.प्र. विधान सभा**<br>2. **श्री योगेश ताम्रकार जी, प्रवेश उपाध्यक्ष, (म.प्र.)**<br>3. **डॉ. सुनीता गोदारा जी, (एशियन मैराथन चैम्पियन, 1992, दिल्ली)**<br>4. **श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, (उपाध्यक्ष ) ,जिला पंचायत, सतना**<br>5. **डॉ. राजेश कुमार जी, अध्यक्ष, विवेकानंद यूथ कनेक्ट**<br>6. **श्री संजीव कुमार जी, सदस्य योग आयोग हरियाणा**<br>7. **श्री कुमार ऋषिकेश जी, 40 मैराथन धावक, कमिश्नर, आयकर विभाग दिल्ली**<br>8. **डॉ. पीयूष जैन जी, अध्यक्ष (PEFI)** | |
| प्रातः 6:20 बजे | **दीप प्रज्ज्वलन:** एवं मंचासीन लोगों से भारत माता/दद्दाजी/माताजी के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलन : सभी अतिथियों द्वारा | |
| प्रातः 6:25 बजे | **स्वागत:** अतिथियों का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा :<br>1. **श्री गिरीश गौतम जी, अध्यक्ष, म.प्र. विधान सभा** : **श्री लवकुश सिंह**<br>2. **श्री योगेश ताम्रकार जी, प्रवेश उपाध्यक्ष, (म.प्र.)** : **श्री अजय मिश्रा**<br>3. **डॉ. सुनीता गोदारा जी, (एशियन मैराथन चैम्पियन, 1992, दिल्ली)** : **श्रीमती ज्योति तिवारी**<br>4. **श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, (उपाध्यक्ष ) ,जिला पंचायत, सतना** :<br>5. **डॉ. राजेश कुमार जी, अध्यक्ष, विवेकानंद यूथ कनेक्ट मुंबई** :<br>6. **श्री संजीव कुमार जी, सदस्य योग आयोग हरियाणा** :<br>7. **श्री कुमार ऋषिकेश जी, 40 मैराथन धावक, कमिश्नर, आयकर विभाग दिल्ली** :<br>8. **डॉ. पीयूष जैन जी, अध्यक्ष (PEFI)** : | |
| प्रातः 6:30 बजे | कार्यक्रम संयोजक द्वारा स्वागत भाषण : **श्री अजय मिश्रा जी द्वारा** | |
| प्रातः 6:35 बजे | मैराथन के बारे में उद्बोधन व कार्यक्रम की रूपरेखा : **डॉ. राकेश मिश्र (न्यास के अध्यक्ष) द्वारा** | |

क्रमश : ...........2 /–

| समय | कार्यक्रम | विवरण |
|---|---|---|
| प्रात: 6:35 बजे | मुख्य अतिथि का उद्बोधन :<br>1. **डॉ. सुनीता गोवरा जी, ब्रांड एंबेसडर**<br>2. **श्री योगेश ताम्रकार जी**<br>3. **श्री गिरीष गौतम जी** | 5 मिनट<br>5 मिनट<br>5 मिनट |
| प्रात: 6:50 बजे | मुख्य अतिथि द्वारा बाइक पायलट को राष्ट्रीय ध्वज/मैराथन ध्वज प्रदान कर अगुवाई का मार्ग प्रशस्त करना : | |
| प्रात: 6:55 बजे | भारत माता के जयघोष के साथ हरी झंडी दिखाकर : गोला दागकर रैली प्रारंभ करना | |
| **प्रात: 7:00 बजे** | **प्रथम दौड़ : 21 कि.मी. प्रारंभ** | |
| **प्रात: 7:05 बजे** | **द्वितीय दौड़ : 10 कि.मी. प्रारंभ** | |
| **प्रात: 7:10 बजे** | **तृतीय दौड़ : 05 कि.मी. प्रारंभ** | |
| प्रात: 7:15 बजे | खिलाड़ियों का आभार एवं सूचनाओं की घोषणा : डॉ. पीयूष जैन | |

******

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

**'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001**

20 नवम्बर, 2022 (रविवार) ; समय : प्रातः 8.30 बजे

**दौड़ समापन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम**

**स्थान :** दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर, सतना (म.प्र.)

(मंचीय कार्यक्रम की रूपरेखा)

| **समय** | **कार्यक्रम** | **विवरण** |
|---|---|---|
| प्रात: 08:30 बजे | मंच से लगातार उद्घोषणा चलती रहेंगी : एकत्रीकरण **(संचालन- डॉ. राकेश मिश्र जी)** | |
| प्रात: 09:00 बजे | कार्यक्रम का आयोजन एवं न्यास के कार्यों पर प्रकाश : **डॉ. राकेश मिश्र जी** | |
| प्रात: 09:15 बजे | **मंच पर आगमन:** अतिथियों को आमंत्रित करना :<br>1. **श्री गिरीश गौतम जी, अध्यक्ष, म.प्र. विधान सभा**<br>2. **श्री रामखेलावन पटेल जी, राज्य मंत्री, मध्य प्रवेश शासन**<br>3. **श्री जीतेन्द्र लटौरिया, चेयरमैन, खादी एवं ग्रामोद्योग (म.प्र.)**<br>4. **श्री गणेश सिंह जी, सांसद, सतना**<br>5. **श्री योगेश ताम्रकार जी, प्रदेश उपाध्यक्ष, (म.प्र.)**<br>6. **डॉ. सुनीता गोदारा जी, (एशियन मैराथन चैम्पियन, 1992, दिल्ली)**<br>7. **श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, (उपाध्यक्ष ) ,जिला पंचायत, सतना**<br>8. **श्री युवराज कुमार जी, फिल्म अभिनेता, मुंबई**<br>9. **डॉ. राजेश कुमार जी, अध्यक्ष, विवेकानंद यूथ कनेक्ट, मुंबई**<br>10. **श्री संजीव कुमार जी, सदस्य योग आयोग हरियाणा**<br>11. **श्री ए.के. सोनी जी, चेयरमैन, ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना**<br>12. **श्री अनिल कुमार, गुरुग्राम**<br>13. **श्री पुष्पेन्द्र नाथ पाठक, पूर्व विधायक, बिजावर**<br>14. **श्री देवमणि द्विवेदी, पूर्व विधायक लमुआ, सुल्तानपुर** | |
| प्रात: 09:30 बजे | **दीप प्रज्ज्वलन:** एवं मंचासीन लोंगों से भारत माता//दद्दाजी/माताजी के चित्रों पर माल्यार्पण : सभी अतिथियों द्वारा | |
| प्रात: 09:45 बजे | स्वागत: अतिथियों का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा : | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री गिरीश गौतम जी** | : | **श्री भूपेंद्र केवट** |
| 2. | **श्री रामखेलावन पटेल जी, राज्य मंत्री, मध्य प्रदेश शासन** | : | **श्री नितिन मिश्रा** |
| 3. | **श्री जीतेन्द्र लटौरिया, चेयरमैन, खादी एवं ग्रामोद्योग (म.प्र.)** | | **श्री महेंद्र तिवारी** |
| 4. | **श्री गणेश सिंह जी** | : | **श्री अनिल सैनी** |
| 5. | **श्री योगेश ताम्रकार जी** | : | **श्री ब्रजेश सिंह** |
| 6. | **डॉ. सुनीता गोदारा जी,** | : | **श्रीमती मनीषा सिंह** |
| 7. | **डॉ. राजेश सर्वज्ञ** | : | **श्री जीतेन्द्र अग्निहोत्री जी** |
| 8. | **श्री युवराज कुमार जी, फिल्म अभिनेता** | : | **श्री बलराम गुप्ता जी** |

1

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 9. | **श्री ए.के. सोनी जी** | **:** | **श्रीमती रश्मि सैनी जी** | |
| | 10. | **श्री संजीव कुमार जी, सवस्य योग आयोग हरियाणा** | **:** | **श्री राजेश त्रिपाठी जी** | |
| | 11. | **श्री अनिल कुमार जी, गुरुग्राम** | **:** | **श्री सचिन त्रिपाठी जी** | |
| | 12. | **श्री देवमणि द्विवेदी, पूर्व विधायक लमुआ, सुल्तानपुर** | **:** | **श्री प्रद्युम्न मिश्रा सकरिया जी** | |
| प्रात: 10:00 बजे | पुरस्कार वितरण समारोह | | | | |
| प्रात: 10:30 बजे | आभार एवं समापन - | | | **श्री अजय मिश्रा** | |

********

| | | |
|---|---|---|
| पूर्वाह्न:11:15 बजे | निर्णायक मंडल सम्मान<br>1. डॉ. संजीव मिश्रा, रीवा निर्णायक<br>2. डॉ रामभूषण मिश्रा, रीवा निर्णायक<br>3. श्री सुदीप पाण्डेय, छतरपुर निर्णायक<br>4. श्री धीरज सिंह परिहार, झाँसी निर्णायक<br>5. श्री तारा पटेल, सतना निर्णायक<br>6. डॉ. विनोद कुमार राय, बैढ़न निर्णायक<br>7. श्री दिनेश सेन, सतना सदस्य<br>8. श्री अशोक पाण्डेय, सतना सदस्य<br>9. श्री विजय पाण्डेय, सतना सदस्य<br>10. श्री शिव नारायण शुक्ला, सतना सदस्य<br>11. श्री महेन्द्र तिवारी, सतना सदस्य<br>12. श्री बाबूलाल सिंह, सतना सदस्य<br>13. श्री रवि द्विवेदी, सतना सदस्य<br>14. श्री के. डी. गौतम, सतना सदस्य<br>15. श्री शिवेंद्र सिंह, सतना सदस्य<br>16. श्री संदीप टंडन, सतना सदस्य<br>17. श्री गोकुल सिंगरौल, सतना सदस्य<br>18. श्री सुनील पाण्डेय, सतना सदस्य | |
| पूर्वाह्न: 11:25 बजे | **सहयोगी संस्थाएं**<br>1. कैडेट, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)<br>2. स्काउट गाइड<br>3. नगर पालिका निगम, सतना<br>4. पुलिस प्रशासन<br>5. बिजली विभाग<br>6. सफाई स्वच्छता विभाग<br>7. विभिन्न स्कूल एवं संस्थाएं<br>8. जन अभियान परिषद<br>9. रेलवे अधिकारी<br>10. खेल कूद विभाग<br>11. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया<br>12. प्रेस मीडिया<br>13. प्रिंट मीडिया | |
| पूर्वाह्न:11:30 बजे | आभार प्रदर्शन : **श्री अजय मिश्रा जी** | |

******

# मुद्रित सामग्री विवरण






आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

FIT INDIA

द्वारा आयोजित

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सतना हाफ मैराथन : 2022

(तृतीय संस्करण)

## 20 नवम्बर 2022 (रविवार)

**हाफ मैराथन 21 किमी**

पंजीयन शुल्क : 500 रुपये

दौड़ प्रारंभ प्रातः 6 बजे

दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना

| कुल पुरस्कार (24) | |
|---|---|
| महिला (12) : | 1,08,600/- |
| पुरुष (12) : | 1,08,600/- |
| कुल ₹ : | 2,17,200/- |

एवं तीन सांत्वना पुरस्कार, मैडल एवं प्रमाण पत्र

**युवा दौड़ 10 किमी**

पंजीयन शुल्क : 300 रुपये

दौड़ प्रारंभ प्रातः 6 बजे

दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना

| कुल पुरस्कार (24) | |
|---|---|
| महिला (12) : | 68,800/- |
| पुरुष (12) : | 68,800/- |
| कुल ₹ : | 1,37,600/- |

एवं तीन सांत्वना पुरस्कार, मैडल एवं प्रमाण पत्र

**अमृत दौड़ 5 किमी**

पंजीयन शुल्क : 300 रुपये

दौड़ प्रारंभ प्रातः 6 बजे

दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना

| कुल पुरस्कार (12) | |
|---|---|
| महिला (6) : | 13,600/- |
| पुरुष (6) : | 13,600/- |
| कुल ₹ : | 27,200/- |

केवल तीन सांत्वना पुरस्कार, मैडल एवं प्रमाण पत्र

- महिला एवं पुरुष वर्ग की पुरस्कार राशि समान रहेगी।
- प्रतिभागियों को दी जाने वाली सामग्री: टीशर्ट, एनर्जी ड्रिंक, डिजिटल कार्ड (विब मशीन) एवं प्रमाण पत्र।



कार्यालय : 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001

संपर्क : 9827216969, 7898457173, 7415028096, 9340416105, (07672) 351005

रजिस्ट्रेशन करें : nyas.gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas

# सतना हाफ मैराथन : 2022

(तृतीय संस्करण)

20 नवम्बर 2022 (रविवार), मार्ग मानचित्र

इस मार्ग पर देश भर के 15 राज्यों, 96 जिलों से आये 2694 धावकों का उत्साहवर्द्धन करें।










पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

कार्यालय : 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001

दूरभाष: (07672) 351005 gpmsnyas@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

FIT INDIA — द्वारा आयोजित — 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सतना हाफ मैराथन : 2022

(तृतीय संस्करण)

20 नवम्बर 2022 (रविवार) • प्रातः 6:00 बजे

स्थान : दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना (म.प्र.)

**उद्घाटन समारोह में आप सादर आमंत्रित हैं।**

भवदीय

श्री अजय मिश्र (संयोजक) — डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)

gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas

## सिंहावलोकन

भारत के बुंदेलखंड क्षेत्र के महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र के संदेश से समाज को सशक्त बनाने के लिए 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के उद्देश्य के साथ वर्ष 2017 में स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास 'नर सेवा ही नारायण सेवा' को सार्थक बनाने के लिए सतत अग्रसर है। ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति मिश्रा जी की प्रेरणा से पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर गठित यह सेवा न्यास हर क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। न्यास नागरिकों को सभी प्रकार की शैक्षिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक कार्यों हेतु साधन व सुविधाएँ उपलब्ध करवाता है।

### उपलब्धियाँ एवं कार्यक्रम

- स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन • महिला स्वास्थ्य जागरुकता
- खेल सुविधाएँ एवं राष्ट्रीय स्तर की मैराथन • सामूहिक विवाह
- अपना सपना-हरा भरा सतना • पर्यावरण एवं जल संरक्षण
- ग्रामीण विकास हेतु प्रयास • किसानों की उन्नति हेतु प्रयास
- समसामयिक विषयों पर व्याख्यानमालाएँ
- संस्कृत भाषा का उन्नयन
- कौशल विकास एवं रोजगार हेतु कार्यक्रम
- स्वास्थ्य परिचर्चाओं का आयोजन
- भारतीय संस्कृति एवं संस्कार संवर्द्धन

न्यास का कार्य क्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष है। धवर्रा (नौगांव), एवं सतना (म.प्र.) में विशेष कार्य चल रहे हैं।

सतना हाफ मैराथन 2022 (तृतीय संस्करण) 20 नवम्बर 2022 (रविवार) सतना (म.प्र.)

# सतना हाफ मैराथन : 2022

(तृतीय संस्करण)

स्थान : दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना (म.प्र.)

**समापन समारोह: प्रातः 8:30 बजे**

देश भर से पधारे महिला/पुरुष धावकों के सतना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर आधारित तीनों दौड़ में कुल 2694 धावक भाग ले रहे हैं।

समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में आप सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।

| हाफ मैराथन | युवा दौड़ | अमृत दौड़ |
|---|---|---|
| 21 किमी | 10 किमी | 5 किमी |
| 317 | 819 | 1558 |







SATNA HALF MARATHON : 2022




सतना हाफ मैराथन : 2022
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
सतना (म.प्र.)

सतना हाफ मैराथन : 2022
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
सतना (म.प्र.)

सतना हाफ मैराथन : 2022


# स्थानीय समाचार-पत्रों में सेवा न्यास की झलकियाँ

## विधानसभा अध्यक्ष ने सतना हाफ मैराथन 2022 का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

प्रदेश टुडे संवाददाता सतना



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को आयोजित सतना हॉफ मैराथन 2022 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने मैराथन का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। सतना हॉफ मैराथन दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर सतना से प्रारंभ होकर सिविल लाइन चौराहा, सेमरिया चौराहा, इंडस्ट्रियल एरिया एवं कृपालुपर गेट से वापस मुड़ते हुये जवाहर नगर स्टेडियम में समाप्त हुई। रैली के शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष गौतम ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत लोगो में फिटनेस के प्रति जागरुकता लाने में यह मैराथन अहम भूमिका निभायेगी। उन्होने क्षेत्र के युवाओ को आगे बढ़ाने संभाग के सभी जिलों को मिलकर एक संयुक्त मैराथन आयोजित करने की जरुरत बताई। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण एवं विकास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता उपस्थित रहे। रैली के समापन अवसर पर कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा मैराथन के प्रतिभागियों को पुरुस्कार राशि के प्रतीक स्वरुप चेक एवं इनाम भी वितरित किये गये।





**हॉफ मैराथन :** विधानसभा अध्यक्ष ने दिखाई हरीझंडी, जयपुर के गोरधन बने विजेता

# दौड़े धावक, सेहत का संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सतना.** शहर की सड़कों पर रविवार सुबह विभिन्न प्रांतों से आए करीब तीन हजार धावकों ने जोश व जज्बे के साथ रेस लगाई। अलग-अलग तीन वर्ग में हुई इस सतना हाफ मैराथन में हर वर्ग से तीन विजेता चुने गए। 21 किमी की दौड़ में जयपुर के गोरधन मीना ने बाजी मारी। जबकि, 10 किमी में इंदौर के नवीन चौहान व 5 किमी की दौड़ में सतना के चक्रेश यादव विजेता बने। सभी को मेडल, ट्रैक सूट, दीवार घड़ी व चेक देकर पुरस्कृत किया गया। अल सुबह रीवा से पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने हरी झंडी दिखाकर धावकों में जोश भर दिया।

राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष जितेंद्र लटोरिया, सांसद गणेश सिंह, कलेक्टर अनुराग वर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिपं उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, महापौर योगेश ताम्रकार, मैराथन चैंम्पियन डॉ सुनीता गोदारा भी मौजूद रहीं। पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष व आयोजनकर्ता राकेश मिश्रा ने आभार जताया। बताया कि 96 जिलों के 2694 धावकों ने मैराथन में भाग लिया।







## धावकों में दिखा जोश

मैराथन में बच्चों से लेकर तक प्रौढ़ तक सहभागी बने। सबसे उम्रदराज धावक 45 वर्ष की महिला थी। कम उम्र के बच्चे भी जीत के जज्बे के साथ रेस शामिल हुए। कई ने तो जूते उतारकर हाथ में ले लिए थे।

निर्णायक डॉ पीयूष जैन व उनके सहयोगियों ने चेस्ट नंबर व टाइम मशीन की मदद से पारदर्शिता निर्णय किए गए।

## हर वर्ग में तीन विजेता

**21 किमी दौड़** में जयपुर के गोरधन मीना, सीधी के मुकेश मिश्रा व नागपुर के घनश्याम पांडुरंगा विजेता

**10 किमी** में इंदौर के नवीन चौहान, भदोही के चंदन यादव व हरियाणा के हितेश यादव तीसरे स्थान पर रहे

**5 किमी** में सतना के चक्रेश यादव, रत्नागिरी के स्वराज संदीप जोशी व कटनी के यश शर्मा विजेता रहे।

सतना, मारूति एक्सप्रेस। पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास बुंदेलखंड ही नहीं बघेलखंड में सामाजिक सरोकार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं युवाओं के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। गरीब बेटियों का विवाह हो, या फिर गरीबों की सेवा सभी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए चमक बिखेर रहा है। सतना में २० नवंबर को सतना हॉफ मैराथन का आयोजन युवाओं के लिए एक बड़ा उदाहरण है। इसके साथ ही कुंभ मेले में भी बड़े आयोजन कर न्यास अपनी भूमिका बखूबी निभाता चला आ रहा है। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र इन सभी सेवा कार्यों के चलते जन-जन के प्रिय हो गये हैं।

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास निभा रहा जिम्मेदारी

# सामाजिक सरोकार पर्यावरण और युवा उत्थान में अव्वल



## नर सेवा ही नारायण सेवा हुआ साकार

*महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र के संदेश से प्रेरणा लेकर समाज को सशक्त बनाने के लिए सर्वे भवन्तु सुखिनः के उद्देश्य के साथ वर्ष 2017 में स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास नर सेवा ही नारायण सेवा को सार्थक बनाने के लिए सतत क्रियाशील है। ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति देवी की प्रेरणा से पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी के नाम पर गठित यह सेवा न्यास हर क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और एक प्रेरणा का स्रोत है। उनका यह सपना था कि सेवा और परोपकार को ही धर्म और कर्म माना जाए। इसे चरितार्थ करते हुए न्यास इस तरह का कार्य करके समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का मुख्य उद्देश्य नर सेवा ही नारायण सेवा है को सार्थक बनाना है।*

## कंबल बैंक

ठंड से बचाव के लिए न्यास की ओर से कंबल बैंक का संचालन किया जाता है। इसके द्वारा गरीबों को जाड़े के मौसम में कंबल उपलब्ध कराया जाता है। भीमकुंड स्थित संस्कृत विद्यालय के पचास छात्रों को कंबल प्रदान किये गये। भगवान वेंकटेश मंदिर सतना में कंबल भेंट कर गरीब असहायों, जरूरतमंदों को न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा कंबल दिए गये। जवाहर नगर स्टेडियम के सामने झोपड़ी बस्ती में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं रैन बसेरा सतना में जाकर ठंड से ठिठुरते हुए जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ा कर ठंड से बचाने का कार्य सक्रियता के साथ किया गया। नर सेवा ही नारायण सेवा के अपने सूत्रवाक्य को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मरीजों को देकर दद्दा जी के बताए मार्ग को साकार किया है। विष्णु मित्तल प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली, राकेश वर्मा, डॉ. एच.जी हेमल (बाल कैंसर विशेषज्ञ) डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सहित अनेक लोग उपस्थित थे। आओ साथ चलें के कार्यकर्ता उपस्थित होकर पांच सौ मरीजों को भरपेट भोजन वितरित किए व पुण्य लाभ प्राप्त किया।






## सेवा और शिक्षा प्रमुखता पर

दद्दा जी अपने कर्म, साधना और सोच से समाज को नई दृष्टि और दिशा दिखाने वाले पं. गणेश मिश्र प्रसाद दद्दा जी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समाज को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यासकी सतत सक्रियता और ठोस पहल से पिछले पांच साल में मेधावी छात्रों को सामग्री, छात्रवृत्ति, प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र - छात्राओं को दस हजार रुपए नकद, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न से विगत सम्मानित किया जा रहा है। नौगाँव नगर के पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग व डिग्री कॉलेज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। यह न्यास समाज और देश के स्तर पर सेवाभाव, सामाजिक सद्भाव, सांस्कृतिक चेतना के साथ ही राष्ट्र की प्रगति के लिए स्वयं तो सक्रिय है ही, दूसरों को भी प्रेरित कर रहा है। न्यास का यह अनुपम प्रयास जहां पं. गणेश प्रसाद मिश्र जैसे कर्मयोगी का स्मरण करने की हमारी सनातन परंपरा में पूर्वजों का स्मरण कराता है। इसके साथ ही उनसे मिली प्रेरणा से प्रेरित होकर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने का मार्ग सुगम कर रहा है।

## स्वच्छ भारत को साकार कर रहा है पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा समाज सेवा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत अभियान को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना सपना, हरा भरा सतना कार्यक्रम के पौधरोपण करते हुए धरती पर हरियाली ला दी है। न्यास की ओर से लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन सतना में किया जाता है। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है तथा पौधों की देखभाल की जाती है। न्यास की ओर से व्यापक पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। सुरक्षित मासिक धर्म के लिएसेनेटरी पैडका वितरण किया जाता है। इस वर्ष 2022 में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर के पीछे सेवा बस्ती में, दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में, सतना के नई बस्ती क्षेत्र में तथा रामना टोला एवं डाली बाबा चौक में सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इसके साथ विविध आयोजनों के माध्यम से स्वच्छता पर जोर दिया जाता है। न्यास की ओर से सतना, छतरपुर, धवारी समेत निकटवर्ती गांवों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों को शौचालय दिलाने की दिशा में भी न्यास की ओर से कार्य किये गये।

## सेवा का मार्ग दिखा गये दद्दाजी

पं. गणेश मिश्र प्रसाद (दद्दाजी) का जन्म भारत के हृदयप्रदेश मध्यप्रदेश में नौगांव नगर के निकट धवर्रा गांव में हुआ था। उन्होंने अपने कर्म, साधना और सोच से समाज और आने वाली पीढ़ी को नई दृष्टि और दिशा दिखाई। उनका उनका जीवन जहां तपस्वी का था, वहीं उनका कार्य समाज के लिए एक मिशाल है तो उनकी दृष्टि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे और तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के स्वयंसेवक रहे पं. मिश्र जैसे व्यक्तित्व विरले ही मिलते हैं। पं. मिश्र पोस्टमास्टर से जीवन की शुरूआत कर झांसी में संघ के प्रचारक बने। महात्मा गांधी की हत्या के आरोप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के समय उन्हें छह माह का कारावास हुआ। आपातकाल में भूमिगत रहकर 18 माह तक सक्रिय रूप से कार्य किया। दद्दाजी के नाम से सुविख्यात हिंदी, संस्कृत एवं अंग्रेजी के प्रकांड विद्वान पं. गणेश प्रसाद मिश्र मृदुभाषी व अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। कृषि कार्य में रूचि रखते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में वैद्य की उपाधि प्राप्त की। शिक्षादान जैसे कार्य में उनकी विशेष रूचि होने से उन्होंने गणित, अंग्रेजी और संस्कृत विषय में बीए, एमए के अनेक छात्रों को सदैव ज्ञानार्जन कराया और मार्गदर्शन किया। सरस्वती शिशु मंदिर नौगांव में आचार्य से



लेखापाल तक का शानदार प्रदर्शन रहा। अपने अंतिम समय में पांच गाय की सेवा - सुश्रुषा उनका मुख्य कार्य हो गया था। संभाग में जब कोई प्राइवेट आईआईटी नहीं था तो उन्होंने कंपनीबाग ईसानगर रोड नौगांव में आईआईटी प्रारंभ की जो उत्तरोत्तर उन्नति करती गई। शिक्षा के प्रति उनकी रूचि का परिणाम था कि उन्होंने अपने चारों पुत्रियों को मास्टर डिग्री तथा बीएड तक शिक्षित करवाया। सभी पुत्रियां शिक्षण कार्य में हैं। वहीं एक पुत्री और पुत्र को डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी कराई। उनके एकमात्र पुत्र डॉ. राकेश मिश्र संघ के प्रचारकों की श्रेणी में आकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष, प्रांत प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत के दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह जी कार्यकारी सचिव के रूप में दिल्ली में कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। पं. मिश्रजी ने अयोध्या आन्दोलन के दौरान 1990 में कारसेवा में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और 1992 में विवादित ढांचा विध्वंस में छतरपुर जिले के दो दो कारसेवकों में एक वे थे, जो वहां पहुंच सके। 1990 में कश्मीर की एकता यात्रा में डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में यात्रा के समापन में लालचौक पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए गए थे। भारत भ्रमण और संस्कृति परिचय में उनकी गहन रुचि रही। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। पर्यावरण से लेकर आध्यात्मिक चेतना के प्रति उनका चिंतन समाज को नई दृष्टि प्रदान करता रहेगा।

## अमर हो गईं माता शांति मिश्रा

*करुणामयी, सौम्य, मृदुभाषी एवं शांत, यथानाम तथागुण मां शांति देवी ने हमेशा कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए अपने नाम को चरितार्थ किया। परिवार को एकसूत्र में बांधकर सास - ससुर की सेवा और अपने संतानों को संस्कारित करते हुए पति की कदम से कदम मिलाकर चलनेवाली यह शक्ति स्वरूपा 2 अगस्त, 1927 को सिंगरावन कलां में पुराने जमींदार की बेटी के रूप में जन्म लेकर बड़े ही लाड़ प्यार में पलने के बाद मात्र तेरह वर्ष की उम्र में विवाह बंधन में बंधकर एक सामान्य परिवेश में आ गईं तो जिंदगी में परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया। ससुराल की अकेली बहू होकर सभी का मान - सम्मान, सभी के बीच समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए वे ससुराल में प्रिय बन गईं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबन्ध के समय पति के छह माह जेल में रहने पर उन्होंने बड़े साहस के साथ अपने वृद्ध सास - ससुर एवं ननद का सहयोग किया। हर व्यक्ति अपने आपको उनसे जुड़ा हुआ पाता था और इसे अपना सौभाग्य मानता था। अपने पुत्र - पुत्रियों में भेद न करते हुए उन्होंने सभी का समान लालन - पालन कर उन्हें संस्कारों का धनी बनाया। उनके पास लोक - कथाओं का अथाह भंडार था, जिसका वे समय व परिस्थिति को देखते हुए उपयोग करके बच्चों का मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन कर उनका ज्ञानवर्धन भी करती थीं। शिक्षा के प्रति गहन रुचि होने के कारण उन्होंने पति के सहयोग से अपने आपको पढ़ने - लिखने में पूर्णरूपेण दक्ष कर लिया। धवरा गांव में वार्ड मेंबर का चुनाव वे हमेशा निर्विरोध जीतीं और उप - प्रधान के पद पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों को भी बखूबी निभाया। जब भी समय मिलता, वे गौसेवा में लग जाती थीं। छोटी - मोटी घरेलू दवाइयां व नुस्खे की जानकारी भी खूब थी। गांव में वे अनेक महिलाओं व बच्चों को देसी दवाई भी कर देती थीं 190 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2017 को संसार को अलविदा कहने वाली यह माता आज भी अपने कर्मों से जीवित है।*



जब कोई कार्य दूसरों के लिए हो, समाज के लिए हो, जरूरतमंदों के लिए हो तो यह पुण्य की पराकाष्ठा होती है। ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति देवी की प्रेरणा से पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी के नाम पर गठित यह सेवा न्यास हर क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और एक प्रेरणा का स्रोत है। आज समाज में लोग अपने बच्चों का यज्ञोपवीत और परिणय तो करवाते हैं, लेकिन समाज में असमर्थ लोगों के लिए कुछ करना उचित नहीं समझते हैं। न्यास ने द्वारचार व परिणय संस्कार के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आरंभ किया तो उन

## अनोखा आयोजन है सामूहिक परिणय एवं उपनयन

परिवारों के लिए खुशी का सौगात जैसा मिला, जो अपने संतान का विवाह कराने में असमर्थ थे। न्यास की ओर से चार जुलाई 2021 को दद्दा बाई स्मृति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 19 जोड़ों को सामूहिक विवाह कराया गया। यह कार्यक्रम द्वारे द्वारे परिणय यज्ञ के नाम से संपन्न हुआ। इसमें सिर्फ विवाह की ही रस्म अदायगी नहीं की गई, बल्कि उन जोड़ियों को संपूर्ण गृहस्थ जीवन की सीख दी गई। जब यह कार्यक्रम चल रहा था तो दोनों के परिजनों के चेहरे पर जो खुशी और संतोष के भाव थे, वे बता रहे थे की न्यास ने जो पुनीत कार्य किया है, वह अविस्मरणीय है। न्यास की व्यवस्था ऐसी कि किसी भी वर या कन्या को यह महसूस तक नहीं हो कि उसका विवाह घर घर में नहीं हो रहा है। इसमें युगलजोड़ियों को न्यास की ओर से विदाई की भी विधिवत प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसी तरह सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन कर न्यास ने अद्वितीय कार्य किया है।

सोना, चांदी, हीरा, राशि रत्न, गिट आइटम
हॉलमार्क ज्वेलरी
मामा भांजा ज्वेलर्स एण्ड बैंकर्स
अग्रसेन चौक, सिटी कोतवाली, सतना, मो. 9425810723

राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि आज़ादी के महापर्व के कारण पं. गणेश प्रसार मिश्र सेवा न्यास ने अमृत दौड़ (5 किमी) का रंग केसरिया, युवा दौड़ (10 किमी) हरा रंग, हाफ मैराथन का रंग (21 किमी) सफेद किया गया है। सभी प्रतिभागियों को 19 नवम्बर को अपना प्रवेश पत्र व आधार कार्ड दिखाने पर टीशर्ट, बिब मशीन व बकायदा इनर्जी ड्रिंक दी गई। पूरे मार्ग की जानकारी भी दी गई।

सभी बाहर के खिलाडियों के लिए रहने एवं भोजन की व्यवस्था की गई। स्थानीय विद्यालय एवं भवनों में सर्दी के बिस्तर आदि का प्रबंध किया गया। सभी बाहर के धावकों के लिए भोजन व जलपान की व्यवस्था में बलराम गुप्ता की टीम लगी रही।

dr.sunita_godara

# सतना हाफ मैराथन दौड़ की बाइक-स्कूटर रैली निकली

नवभारत न्यूज

सतना 14 नवंबर । पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 20 नवबंर को आयोजित सतना हाफ मैराथन दौड़ की स्कूटर बाइक रैली को आज सेवा न्यास कार्यालय से संयोजक अजय मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



रैली नगर भ्रमण कर न्यास कार्यालय में लौट कर संपन्न हुई । रैली का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया किया गया। रैली में मात्र शक्तियों के अलावा युवा समाजसेवी और न्यास के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल रहे। रैली में राजीव व्यास,मनीषा सिंह, महेंद्र तिवारी, ज्योति तिवारी, सौभाग्य केसरी, सोमू सिंह, भूपेंद्र केवट, आलोक गुप्ता, अंकुर चौधरी, आनंद तिवारी, सुनील यादव, अनुराग तिवारी, रघुवीर मोदी ,मोनू चुटकुलेकर, नितिन पयासी, सचिन पांडे,दिलीप गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, रिया सिंह बघेल,ऋषि सिंह बघेल , संजय गुप्ता, अर्चना पटेल , अभिलाष मिश्रा, अतुल पांडे, शिवा पटेल, रश्मि सैनी, प्रीति त्रिपाठी, शिवम माली, अरुण सैनी,नितिन मिश्रा, लवकुश सिंह बघेल,शिवम शुक्ला, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सैकड़ों की तादात में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### ब्रांड एंबेसडर डॉ सुनीता गोदरा का नगर आगमन 19 को

एशियाई मैराथन 1992 की चैम्पियन,मैराथन और फिटनेस कोच और प्रमोटर डॉ सुनीता गोदारा ने 19 नवबंर को सतना आएंगी उन्होंने 76 पूर्ण मैराथन (42.2 किमी) पूरा किया है तथा उन्होंने अपने 2010 तक के कैरियर में 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय दौड़ का रिकॉर्ड बनाया है और किसी भी भारतीय द्वारा अधिकतम अंतरराष्ट्रीय मैराथन जीती हैं अटलांटा ओलंपिक 1996 में ओलंपिक मशाल वाहक/एस्कॉर्ट धावक रही हैं।

---

**सतना** मारुि

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का आयोजन

# हॉफ मैराथन में शामिल होने हुए हजारों पंजीयन

■ 20 नवंबर को आयोजित होगी दौड़



सतना (मारूति एक्सप्रेस)

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में 20 नवम्बर 2022 को आयोजित सतना हाफ मैराथन में शामिल होने के लिए सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा शैक्षणिक संस्थानों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों खेल प्रेमियों को आमंत्रण पत्र प्रदान कर सम्मिलित होने के लिए अनुरोध किया जा रहा है। सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया है कि देश के अधिकांश प्रांतों गांव कस्बों शहर शहर के हजारों की संख्या में धावकों ने विभिन्न स्थानों से अंतिम तिथि को रात्रि 1 बजे तक लगातार पंजीयन होते रहे प्रतिभागियों की भारी रुचि देखी गई। सतना हाफ मैराथन में सम्मिलित होने के लिए हजारों प्रतिभागी तथा महत्वपूर्ण नामी धावक, खिलाड़ी, अभिनेता आदि भागीदारी करेंगे।

अभी तक हजार की तादाद में रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। न्यास के कार्यकर्ताओं ने दिन रात एक कर के डोर टू डोर जाकर एवं सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्रचार प्रसार करते हुए मैराथन को सफल बनाने के लिए अनुकरणीय कार्य किया है। सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू बताया कि मैराथन के लिये पूरे देश से शुभकामना संदेश प्राप्त हो रहे है। देश की शीर्षस्थ गायिका समाजसेवियों खेल प्रेमियों के संदेश प्राप्त हो चुका है, जिसमें उन्होंने खिलाड़ियों से अनुरोध किया है कि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में पंजीयन कराकर मैराथन दौड़ में शामिल होंगे।

# सतना हाफ मैराथन में देशभर के हजारों धावक होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

सतना, 16 नवम्बर. पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में आगामी रविवार 20 नवम्बर 2022 को आयोजित सतना हाफ मैराथन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, मेघालय, बिहार, उत्तराखण्ड, पंजाब, तेलंगाना गोवा, आदि राज्यों के 72 जिलों से हजारों प्रतिभागी तथा महत्वपूर्ण नामी धावक, खिलाड़ी, अभिनेता आदि भागीदारी करेंगे।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि मैराथन के लिये पूरे देश से शुभकामना संदेश प्राप्त हो रहे हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि देश की शीर्षस्थ गायिका अनुराधा पोडवाल, मशहूर फिल्म निर्माता मुकेश भट्ट, संगीतकार सोमेश माथुर, मैराथन चैम्पियन व ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा, पूर्व विम्बलडन चैम्पियन व कोच विमल कुमार के शुभकामना संदेश प्राप्त हो चुके हैं।



सतना हाफ मैराथन के लिये शहर के प्रमुख मार्गों से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं धावकों ने शहर का भ्रमण कर दौड के पक्ष में जन जागरण किया। कार्यक्रम हेतु व्यवस्थाओं की बैठकें अजय मिश्रा जी के नेतृत्व में चल रही हैं। नेह निकुंज, इन दिनों गतिविधियों का केन्द्र बना हुआ है। प्रतिदिन सबेरे से रात्रि तक कार्यकर्ता काम में लगे हैं। सभी विद्यालय महाविद्यालयों में जाकर प्रेरित पंजीयन कराने का कार्य देर रात तक चलता रहा है।

**देशभर की महिला धावकों की बड़ी संख्या**-श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया कि इस दौड़ में सतना जिले के अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित 80 जिलों से महिला धावक हाफ मैराथन, युवा मैराथन एवं अमृत दौड़ में पंजीयन करा चुकीं हैं। सभी महिला धावकों की आवास एवं भोजन व्यवस्था में महिला कार्यकर्ता निरंतर लगे हुये हैं।

**गिरीश गौतम और वीडी शर्मा दिखाएंगे हरीझण्डी**

इस दौड़ का 20 नवम्बर प्रात: 6 बजे विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम एवं विष्णु दत्त शर्मा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद ,कुंवर विजय शाह, रामखिलावन पटेल, सांसद गणेश सिंह झंडी दिखाकर रवाना करेंगे । देश भर के प्रतिभागी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं।प्रात: 8.30 बजे दौड़ पूरी होने पर पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com

6/14

# मैराथन दौड़ में शामिल होंगे 27 सौ धावक



**सतना** | गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वाधान में 20 नवंबर को आयोजित होने वाली हाफ मैराथन दौड़ में देश के कई राज्यों के महिला-पुरूष धावक शामिल होंगे। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि हाफ मैराथन दौड़ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम से प्रारंभ होने वाली हाफ मैराथन दौड़ को मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, सांसद गणेश सिंह एवं महापौर योगेश ताम्रकार हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह दौड़ प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगी। बताया गया कि हाफ मैराथन दौड़ 21 किलोमीटर में 317, 10 किलोमीटर में 819 एवं 5 किलोमीटर दौड़ में 1558 धावक हिस्सा लेंगे। यह मैराथन दौड़ सुबह 8 बजे पूरी हो जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को स्टेडियम का कलेक्टर अनुराग वर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया, ताकि आयोजन को सफल बनाया जा सके।

## डायवर्ट रहेगा रूट

रविवार का हॉफ मैराथन आयोजन के दौरान सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक धवारी चौक से सिविल लाइन चौराहा एवं सिविल लाइन चौक से माधवगढ़ नदी पुल रीवा रोड पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि वाहन चालक उक्त समय तक वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं।



# सतना हाफ मैराथन की सभी तैयारियां हुईं पूर्ण

**सतना.** पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन 2022 का आयोजन 20 नवंबर को सुबह 6.00 दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर से प्रारंभ होगी। सभी व्यवस्थाओं में लगे सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठकआज दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में दोपहर 12.30 बजे संपन्न हुई। सतना हाफ मैराथन की सभी विभाग प्रमुखों ने जवाहर नगर स्टेडियम में पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्था के संदर्भ में विस्तार से अवगत करवाया। प्रतिभागियों धावकों के स्वागत सत्कार के लिए सभी खेल प्रेमी समाजसेवी न्यास कार्यकर्ताओं ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं।भोजन आवास सत्कार यातायात मंच व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए सतना हाफ मैराथन के संयोजक अजय मिश्रा ने बताया कि देश भर से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मैराथन में सम्मिलित होने के लिए सतना पधार रहे हैं. सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि देश के सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं, गायक गायिकाओं,अभिनेताओं शुभकामनाएं संदेश प्राप्त हो चुके हैं। सतना हाफ मैराथन में भाग लेने वाले सभी धावकों से अनुरोध है कि 19 नवंबर को 4.00 दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में पहुंचकर अपने-अपने किट प्रदान कर लें।

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

**दैनिक सतना स्टार।** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना की पावन धरती पर संपन्न हाफ मैराथन की सफलता की कुंजी यहां के कुशल प्रबंधन के सिद्धहस्त कर्मठ कार्यकेताओं के हाथों में थी। यही कारण है कि आयोजन को व्यवस्थित कार्य योजना निर्विघ्न संचालन और पारदर्शी प्रक्रिया का संकल्प पूरा हो सका। पूर्व योजना पूर्ण योजना के सूत्र पर चलते हुए आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी पूर्वक, शिष्टाचार, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा से दो माह के अथक परिश्रम से



आयोजन को एक श्रेष्ठ ऊँचाई दी।

न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने आयोजन की अद्भुत व्यवस्था के लिए सपर्पित व सेवाभावी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि पूरे देश भर से शामिल धावकों व निर्णायक तकनीकी विशेषज्ञों ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा भी की और संतुष्टि भी व्यक्त की। आयोजन की शोभा बढ़ाने यहाँ पहुँचे देश के ख्यातिलब्ध अतिथियों ने भी चाकचौबंद व्यवस्था व स्थानीय प्रबंधन की सराहना की है।

आयोजन समिति में सक्रिय रहे कार्यकर्ताओ का सम्मान सोमवार को नेह निकुंज बम्हनगवां में अजय मिश्रा, राजीव व्यास, कृष्णा पांडेय, मनीषा सिंह, बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्याम लाल गुप्ता श्यामू , राजेश त्रिपाठी नीलू, संजीता सैनी, जूली पीटर, महेंद्र तिवारी, नंद किशोर मिश्र, कमलेश्वर अग्रवाल, सचिन शुक्ला, जितेंद्र अग्निहोत्री, बृजे सिंह, नितिन मिश्र, लोकेश त्रिपाठी, आशु चतुर्वेदी, लवकुश सिंह, अनिल सैनी, भूपेन्द्र केवट, सीलन सैनी, बलराम गुप्ता, शिवम शुक्ला, संजय गुप्ता, दीनू सहित समस्त सैकडों कार्यकर्ताओं का सम्मान न्यास की ओर से अभिनन्दन करते हुए डॉ राकेश मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने आयोजन को मेरा मैराथन मानकर इसकी सफलता के लिए समर्पित और सामूहिक भावना से जो प्रयास किया वह सतना में भविष्य के लिए खेल आयोजनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

जिला प्रशासन, नगर निगम, ज़िला चिकित्सालय, पुलिस प्रशासन, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फोटोग्राफर और सतना शहर के समस्त नागरिकों का जो सहयोग मिला उसके लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हैं।आगे चलकर भविष्य में भी सतना ज़िले का सहयोग मिलता रहेगा ।

# कार्यकर्ताओं के अभिनन्दनीय व्यवस्था कौशल ने आयोजन को बनाया स्मरणीय

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

**सतना (नव स्वदेश )।**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना की पावन धरती पर संपन्न हाफ मैराथन की सफलता की कुंजी यहां के कुशल प्रबंधन के सिद्धहस्त कर्मठ कार्यकेताओं के हाथों में थी। यही कारण है कि आयोजन को व्यवस्थित कार्य योजना निर्विघ्न संचालन और पारदर्शी प्रक्रिया का संकल्प पूरा हो सका। पूर्व योजना पूर्ण योजना के सूत्र पर चलते हुए आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी पूर्वक, शिष्टाचार, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा से दो माह के अथक परिश्रम से आयोजन को एक श्रेष्ठ ऊँचाई दी।

न्यास के अध्यक्ष डॉ.राकेश मिश्र ने आयोजन की अद्भुत व्यवस्था के लिए सपर्पित व सेवाभावी



कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि पूरे देश भर से शामिल धावकों व निर्णायक तकनीकी विशेषज्ञों ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा भी की और संतुष्टि भी व्यक्त की। आयोजन की शोभा बढ़ाने यहाँ पहुँचे देश के ख्यातिलब्ध अतिथियों ने भी चाकचौबंद व्यवस्था व स्थानीय प्रबंधन की सराहना की है।

आयोजन समिति में सक्रिय रहे कार्यकर्ताओ का सम्मान सोमवार को नेह निकुंज बम्हनगवा में अजय मिश्रा, राजीव व्यास, कृष्णा पांडेय, मनीषा सिंह, बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्याम लाल गुप्ता श्यामू , राजेश त्रिपाठी नीलू, संजीता सैनी, जूली पीटर, महेंद्र तिवारी, नंद किशोर मिश्र, कमलेश्वर अग्रवाल, सचिन शुक्ला, जितेंद्र अग्निहोत्री, बृजे सिंह, नितिन मिश्र, लोकेश त्रिपाठी, आशु चतुर्वेदी, लवकुश सिंह, अनिल सैनी, भूपेन्द्र केवट, सीलन सैनी, बलराम गुप्ता, शिवम शुक्ला, संजय गुप्ता, दीनू सहित समस्त सैकडों कार्यकर्ताओं का सम्मान न्यास की ओर से अभिनन्दन करते हुए डॉ राकेश मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने आयोजन को मेरा मैराथन मानकर इसकी सफलता के लिए समर्पित और सामूहिक भावना से जो प्रयास किया वह सतना में भविष्य के लिए खेल आयोजनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

जिला प्रशासन, नगर निगम, ज़िला चिकित्सालय, पुलिस प्रशासन, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फोटोग्राफर और सतना शहर के समस्त नागरिकों का जो सहयोग मिला उसके लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हैं।



# कार्यकर्ताओं के अभिनन्दनीय व्यवस्था कौशल ने आयोजन को बनाया स्मरणीय

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 22 नवम्बर. पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना की पावन धरती पर संपन्न हाफ मैराथन की सफलता की कुंजी यहां के कुशल प्रबंधन के सिद्धहस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं के हाथों में थी। यही कारण है कि आयोजन को व्यवस्थित कार्य योजना निर्विघ्न संचालन और पारदर्शी प्रक्रिया का संकल्प पूरा हो सका।**

पूर्व योजना पूर्ण योजना के सूत्र पर चलते हुए आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी पूर्वक, शिष्टाचार, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा से दो माह के अथक परिश्रम से आयोजन को एक श्रेष्ठ ऊंचाई दी। न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने आयोजन की अद्भुत व्यवस्था के लिए सपर्पित व सेवाभावी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि पूरे देश भर से शामिल धावकों व निर्णायक तकनीकी विशेषज्ञों ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा भी की और संतुष्टि भी व्यक्त की। आयोजन की शोभा बढ़ाने यहां पहुंचे देश के ख्यातिलब्ध अतिथियों ने भी चाकचौबंद व्यवस्था व स्थानीय प्रबंधन की सराहना की है। आयोजन समिति ने सोमवार को नेह निकुंज बम्हनगवां में सक्रिय कार्यकर्ताओं अजय मिश्रा, राजीव व्यास, कृष्णा पांडेय, मनीषा सिंह, बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्याम लाल गुप्ता श्यामू , राजेश त्रिपाठी नीलू, संजीता सैनी, जूली पीटर, महेंद्र तिवारी, नंद किशोर मिश्र, कमलेश्वर अग्रवाल, सचिन शुक्ला, जितेंद्र अग्निहोत्री, बृजेश सिंह, नितिन मिश्र, लोकेश त्रिपाठी, आशु चतुर्वेदी, लवकुश सिंह, अनिल सैनी, भूपेन्द्र केवट, सीलन सैनी, बलराम गुप्ता, शिवम शुक्ला, संजय गुप्ता, दीनू आदि का सम्मान किया गया।

# कार्यकर्ताओं के अभिनन्दनीय व्यवस्था कौशल ने आयोजन को बनाया स्मरणीय

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



सतना ( नेजा )। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना की पावन धरती पर संपन्न हाफ मैराथन की सफलता की कुंजी यहां के कुशल प्रबंधन के सिद्धहस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं के हाथों में थी। यही कारण है कि आयोजन को व्यवस्थित कार्य योजना निर्विघ्न संचालन और पारदर्शी प्रक्रिया का संकल्प पूरा हो सका। पूर्व योजना पूर्ण योजना के सूत्र पर चलते हुए आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी पूर्वक, शिष्टाचार, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा से दो माह के अथक परिश्रम से आयोजन को एक श्रेष्ठ ऊँचाई दी। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने आयोजन की अद्भुत व्यवस्था के लिए सपर्पित व सेवाभावी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि पूरे देश भर से शामिल धावकों व निर्णायक तकनीकी विशेषज्ञों ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा भी की और संतुष्टि भी व्यक्त की। आयोजन की शोभा बढ़ाने यहाँ पहुँचे देश के ख्यातिलब्ध अतिथियों ने भी चाकचौबंद व्यवस्था व स्थानीय प्रबंधन की सराहना की है। आयोजन समिति में सक्रिय रहे कार्यकर्ताओं का सम्मान नेह निकुंज बम्हनगवां में अजय मिश्र, राजीव व्यास, कृष्णा पांडेय, मनीषा सिंह, बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्याम लाल गुप्ता श्यामू , राजेश त्रिपाठी नीलू, संजीता सैनी, जूली पीटर, महेंद्र तिवारी, नंद किशोर मिश्र, कमलेश्वर अग्रवाल, सचिन शुक्ला, जितेंद्र अग्निहोत्री, बृजेश सिंह, नितिन मिश्र, लोकेश त्रिपाठी, आशु चतुर्वेदी, लवकुश सिंह, अनिल सैनी, भूपेन्द्र केवट, सीलन सैनी, बलराम गुप्ता, शिवम शुक्ला, संजय गुप्ता, दीनू सहित समस्त सैकड़ों कार्यकर्ताओं का सम्मान न्यास की ओर से अभिनन्दन करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने आयोजन को मेरा मैराथन मानकर इसकी सफलता के लिए समर्पित और सामूहिक भावना से जो प्रयास किया वह सतना में भविष्य के लिए खेल आयोजनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला प्रशासन, नगर निगम, जिला चिकित्सालय, पुलिस प्रशासन, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फोटोग्राफर और सतना शहर के समस्त नागरिकों का जो सहयोग मिला उसके लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता है।आगे चलकर भविष्य में भी सतना जिले का सहयोग मिलता रहेगा।

# डॉ. राकेश मिश्र ने सतना हॉफ मैराथन को सफल बनाने जताया आभार



**सतना (मारूति एक्सप्रेस)**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डा. राकेश मिश्र ने सतना हॉफ मैराथन 2022 की सफलता पर सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्षरूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया है। श्री मिश्र ने कहा है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सदैव बहुविध गतिविधियों में निरंतर कार्य करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खेल कूद, सम्पूर्ण ग्रामीण विकास, रोजगार, सांस्कृतिक एवं संस्कार संवर्द्धन हेतु समर्पित है। सतना हाफ मैराथन 2022 का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन आपके सक्रिय सहयोग से संभव हो सका है।

विगत 20 नवम्बर को इसमें देशभर के 15 राज्यों एवं 96 जिलों के 322 स्थानों से 2694 धावकों ने भाग लिया। जिसमें 2085 पुरुष एवं 609 महिलाओं ने अपनी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए। इस मैराथन में 60 महिला एवं पुरुष धावकों ने चार लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार, मैडल, स्मृति चिन्ह दीवार घड़ी, ट्रैक सूट एवं प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा ग्रहण किए। गिरीश गौतम अध्यक्ष मप्र विधान सभा, रामखेलावन पटेल राज्य मंत्री मप्र, गणेश सिंह सांसद सतना, योगेश ताम्रकार महापौर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, डा.सुनीता गोदारा एशियन चैंपियन मैराथन 1992, श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, युवराज कुमार फि ल्म अभिनेता मुंबई, एके सोनी, चेयरमैन, एकेएस विश्वविद्यालय सतना, डॉ.राजेश सर्वज्ञ मुंबई, पुष्पेंद्र नाथ पाठक, पूर्व विधायक एवं संजीव कुमार, सदस्य योग आयोग हरियाणा, अनुराग वर्मा कलेक्टर, आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सहित अनेक विशिष्ट महानुभाव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन में सतना जिले की जनता जनार्दन ने मुक्त हृदय से धावकों का पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिन रात सेवा-समर्पण भाव से कार्य करके सतना जिले को मैराथन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति पहुंचाई है। देश के अनेक टीवी चैनलों ने पूरी मैराथन को जहां प्रमुखता से कवर किया, वहीं जी न्यूज मप्र छत्तीसगढ़, सर्वधर्म संगम, पावर स्पोर्ट्स चैनल, डी एन एन एवं यूट्यूब चैनलों पर सीधे प्रसारण से पचास लाख से अधिक दर्शकों ने विश्व भर में सतना हाफ मैराथन- 2022 का सीधा प्रसारण देखा।भविष्य में सेवा न्यास के कार्यों व कार्यक्रमों मे आपका सहयोग इसी प्रकार से मिलता रहे, यही प्रार्थना है।

## सतना हाफ़ मैराथन :2022 हेतु दिल्ली के उपराज्यपाल को आमंत्रित किया

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन:2022 में दिल्ली के उप राज्यपाल माननीय श्री विनय कुमार सक्सेना जी को निमंत्रण पत्र दिया और उनको सतना हाफ मैराथन में आने के लिए आज न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी ने निमंत्रण दिया।

श्रीमती मल्लिका नड्डा जी चेयरपर्सन, स्पेशल ओलंपिक, भारत को भी आमंत्रित किया व सतना हाफ़ मैराथन की विस्तृत जानकारी साझा कीं। इस अवसर पर श्री संजीव कुमार (गुरुग्राम) एवं राहुल राजपाल के साथ अनेक महानुभावों से मिलना हुआ। भारत के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया कि आगे वह इसी प्रकार से मैराथन में भाग लेते रहें, जिससे निश्चित रूप से एक दिन भारत भी मैराथन के क्षेत्र में प्रथम स्थान अर्जित करेगा। गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की तरफ से सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

यह चित्र उसी अवसर के हैं।














vedanta
delhi half marathon
IDFC FIRST Bank
SEIKO
TEN 1
LIVE
HD




HAILE GEBRSELASSIE
International Event Ambassador




पुण्य स्मरण
पुण्य स्मरण


FIT INDIA
सतना हाफ
मैराथन 2022




सतना हाफ
मैराथन 2022




आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
सतना हाफ मैराथन : 2022
20 नवम्बर 2022 (रविवार)
अंतिम तिथि: 10.11.2022
सौजन्य से - एकेएस विश्वविद्यालय, सतना (म. प्र.)

# !! आभार पत्र !!

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

दिनांक: 21.11.2022

सेवा में,

**श्रीमान अनुराग वर्मा जी,**
**कलेक्टर, सतना (मध्य प्रदेश)**

सप्रेम नमस्कार।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सदैव बहुविध गतिविधियों में निरंतर कार्य करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खेल कूद, सम्पूर्ण ग्रामीण विकास, रोजगार, सांस्कृतिक एवं संस्कार संवर्द्धन हेतु समर्पित है।

**सतना हाफ मैराथन : 2022** का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन आपके सक्रिय सहयोग से संभव हो सका है। विगत 20 नवम्बर को इसमें देशभर के 15 राज्यों एवं 96 जिलों के 322 स्थानों से 2694 धावकों ने भाग लिया। जिसमें 2085 पुरुष एवं 609 महिलाओं ने अपनी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए।

इस मैराथन में 60 महिला एवं पुरुष धावकों ने चार लाख रुपये तक के नक़द पुरस्कार, मैडल, स्मृति चिन्ह, दीवार घड़ी, ट्रैक सूट एवं प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा ग्रहण किए। श्री गिरीश गौतम अध्यक्ष म.प्र. विधान सभा, श्री रामखेलावन पटेल, राज्य मंत्री (म.प्र.), श्री गणेश सिंह, सांसद- सतना, श्री योगेश ताम्रकार महापौर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा, डॉ. सुनीता गोदारा (एशियन चैंपियन मैराथन 1992), श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष, श्री युवराज कुमार (फिल्म अभिनेता मुंबई), डॉ. पीयूष जैन अध्यक्ष (PEFI) दिल्ली , श्री ए. के. सोनी, चेयरमैन, ए.के.एस. विश्वविद्यालय सतना, डॉ. राजेश सर्वज्ञ (मुंबई ), श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक, पूर्व विधायक एवं श्री संजीव कुमार, सदस्य योग आयोग हरियाणा, श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर), श्री आसुतोष गुप्ता (पुलिस अधीक्षक) सहित अनेक विशिष्ट महानुभाव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस पूरे आयोजन में सतना ज़िले की जनता जनार्दन ने मुक्त हृदय से धावकों का पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिन रात सेवा- समर्पण भाव से कार्य करके सतना ज़िले को मैराथन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति पहुंचाई है।

देश के अनेक टीवी चैनलों ने पूरी मैराथन को जहां प्रमुखता से कवर किया, वहीं जी न्यूज़ म.प्र. - छत्तीसगढ़, सर्वधर्म संगम, पावर स्पोर्ट्स चैनल, डी एन एन एवं यूट्यूब चैनलों पर सीधे प्रसारण से पचास लाख से अधिक दर्शकों ने विश्व भर में सतना हाफ़ मैराथन:2022 का सीधा प्रसारण देखा।

भविष्य में सेवा न्यास के कार्यों व कार्यक्रमों मे आपका सहयोग इसी प्रकार से मिलता रहे, यही प्रार्थना है।
हमारी विविध गतिविधियों हेतु सेवा न्यास की वेबसाइट www.gpmsevanyas.org देखते रहिए एवं सुझाव अवश्य दीजिए।
समाचार पत्रों एवं चैनलों की लिंक आपके सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न कर रहा हूँ।

सादर।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

**(डॉ. राकेश मिश्र)**

कार्यालय: 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड़, सतना (म०प्र०) 485001
पत्र व्यवहार : श्री गणेश (निजी) आई.टी.आई., कम्पनी बाग, ईशानगर रोड, नौगांव, जिला - छतरपुर (म०प्र०) 471201
दूरभाष : (07672) 351005, ई-मेल : gpmsnyas@gmail.com, वेबसाईट : https//gpmsevanyas.org

# आज़ादी का अमृत महोत्सव का अनोखा आयोजन।

- **पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सतना को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में जुटा।**
- **दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम से माधवगढ़ गेट तक हाफ मैराथन का मार्ग होगा**
- **पूरा मार्ग सबेरे 6 बजे से धावकों के तिरंगा टी-शर्ट में दिखेगा**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में आगामी रविवार 22 नवम्बर 2021 को आयोजित सतना हाफ मैराथन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, मेघालय, बिहार, उत्तराखण्ड, पंजाब, तेलंगाना गोवा, आदि राज्यों के 72 जिलों से हजारों प्रतिभागी तथा महत्वपूर्ण नामी धावक, खिलाड़ी, अभिनेता आदि भागीदारी करेंगे।

**अभी तक हजारों की तादाद में रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं :**

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि मैराथन के लिये पूरे देश से शुभकामना संदेश प्राप्त हो रहे हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि देश की शीर्षस्थ गायिका अनुराधा पोडवाल, मशहूर फ़िल्म निर्माता मुकेश भट्ट, संगीतकार सोमेश माथुर, मैराथन चैम्पियन व ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा, पूर्व विम्बलडन चैम्पियन व कोच विमल कुमार जी के शुभकामना संदेश प्राप्त हो चुके हैं।

**सतना शहर में निकली बाइक रैली :**

सतना हाफ मैराथन के लिये शहर के प्रमुख मार्गों से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं धावकों ने शहर का भ्रमण कर दौड के पक्ष में जन जागरण किया।

**विधानसभा अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरी झंडी दिखाकर करेंगे शुभारंभ :**

इस दौड का 20 नवम्बर प्रातः 6 बजे विधानसभा अध्यक्ष मा. गिरीश गौतम जी एवं विष्णु दत्त शर्मा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद, कुंवर विजय शाह जी, रामखिलावन पटेल, सांसद गणेश सिंह झंडी दिखाकर रवाना करेंगे । देश भर के प्रतिभागी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। प्रातः 8.30 बजे दौड़ पूरी होने पर पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

**स्थानीय स्तर पर तैयारियाँ जोरो पर :**

कार्यक्रम हेतु व्यवस्थाओं की बैठकें अजय मिश्रा जी के नेतृत्व में चल रही हैं। नेह निकुंज, इन दिनों गतिविधियों का केन्द्र बना हुआ है। प्रतिदिन सबेरे से रात्रि तक कार्यकर्ता काम में लगे हैं। सभी विद्यालय महाविद्यालयों में जाकर प्रेरित पंजीयन कराने का कार्य देर रात तक चलता रहा है।

**देशभर की महिला धावकों की बड़ी संख्या :**

श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया कि इस दौड़ में सतना जिले के अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित 80 जिलों से महिला धावक हाफ मैराथन, युवा मैराथन एवं अमृत दौड़ में पंजीयन करा चुकीं हैं। सभी महिला धावकों की आवास एवं भोजन व्यवस्था में महिला कार्यकर्ता निरंतर लगे हुये हैं।

**दुल्हन की तरह सजने लगा सतना :**

श्री कृष्णा पांडेय एवं महेन्द्र तिवारी ने बताया कि सतना शहर हाफ मैराथन मार्ग केसरिया, सफेद एवं हरे रंग की तिरंगी छटा में रंगने लगा है। दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम से प्रारम्भ होकर सिविल लाइन चौराहा, सर्किट हाउस चौराहा, सिमरिया चौराहा से लेकर कृपालपुर गेट तक सड़क के दोनों ओर झंडे व होर्डिंग छा गए हैं। शहर केसरिया रंगों से रंगा हुआ है। राजीव व्यास व फिजिकल एजुकेशन फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पीयूष जैन नई दिल्ली से आकर यहाँ पर पूरे मार्ग की रेकी करके आवश्यक तैयारियों का जायजा लेंगे। मंच से लेकर दौड़ प्रारम्भ बिन्दु व मध्य बिन्दु से लेकर यातायात, सड़क, दूरी की नाप भी उनकी कार्यसूची में है। पी.ई.एफ.आई.

फिजिकल एजूकेशन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री पीयूष जैन दौड़ में समय का विशेष ध्यान होगा। खिलाड़ी अपना स्कोर बनायेंगे कि किस को कितना समय मिला है पूरा करने के लिए।

**ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया :**

श्री बालकृष्ण शुक्ला बेटा एवं महेन्द्र तिवारी ने बताया कि पंजीयन से लेकर प्रमाणपत्र वितरण तक का सब कार्य ऑनलाइन होगा। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की वेबसाइट को 'शास्वत भारत प्रा. लिमिटेड कंपनी पंजीयन से लेकर पहचान पत्र का पूरा कार्य देख रही है। इसके प्रमुख शशिकांत जी दिल्ली से सतना व देशभर के खिलाड़ियों की मानीटरिंग कर उनको प्रवेश पत्र डॉउनलोड की व्यवस्था कर रहे है।

**आज़ादी के अमृत महोत्सव के तिरंगा रंग की होगी टीशर्टें :**

श्री नितिन मिश्रा ने बताया कि आज़ादी के महापर्व के कारण पं. गणेश प्रसार मिश्र सेवा न्यास ने अमृत दौड़ (5 किमी) का रंग केसरिया, युवा दौड़ (10 किमी) हरा रंग, हाफ मैराथन का रंग (21 किमी) सफेद किया गया है। सभी प्रतिभागियों को 19 नवम्बर को अपना प्रवेश पत्र व आधार कार्ड दिखाने पर टीशर्ट, विब मशीन व इनर्जी ड्रिंक दी जायेगी। पूरे मार्ग की जानकारी भी दी जायेगी।

**आवास एवं भोजन की व्यवस्था कर रहा है सेवा न्यास :**

सभी बाहर के खिलाडियों के लिए 19 नवम्बर को रहने एवं भोजन की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय विद्यालय एवं भवनों में सर्दी के बिस्तर आदि का प्रबंध किया जा रहा है। सभी बाहर के धावकों के लिए भोजन व जलपान की व्यवस्था में बलराम गुप्ता की टीम लगी हुई है।

**स्वागत हेतु सतना के विभिन्न संगठन तैयार :**

श्री विभाष बनर्जी एवं मनमोहन माहेश्वरी ने बताया कि सतना नगर को यह सौभाग्य मिला है इसलिए यहां के खेल प्रमियों में देशभर से आये खिलाडियों के प्रति विशेष उत्साह है। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक एवं खेल संस्थायें अपने-अपने स्तर पर बैठकों की तैयारी कर रहे हैं। पूरे मार्ग पर गेट लगाकर खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन हेतु पानी, जूस एवं टॉफी का इंतजाम किया जा रहा है।पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा करेगी महिलाओं की टोली।

**स्टेडियम में होगा रंगा-रंग उद्धाटन व समापन :**

श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि रविवार प्रात: 6 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में मैराथन का शुभारम्भ होगा, वहीं जी न्यूज द्वारा बड़ी स्क्रीन पर 20X50 फुट के मंच पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। इस हेतु विभिन्न विशिष्ट जनों के संदेशों के साथ जी न्यूज प्रोमो भी चलाकर खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया के तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस भव्य समारोह में अपनी सहभागिता करें।शहर के सभी वरिष्ठ जनों से अनुरोध है कि वह इस मैराथन को सफल बनाने में अपने अपने ढंग से सहयोग करें व स्टेडियम में पधारकर गौरव बढ़ायें।

*****

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ़ मैराथन:2022 का जी न्यूज़ मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के चैनल पर सीधा प्रसारण।

https://youtu.be/8x6Kh1epvsw

**सतना हाफ मैराथन:2022 की ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा का परिचय :**

1. डॉ सुनीता गोदारा - एशियाई मैराथन चैंपियन 1992
2. मैराथन और फिटनेस कोच और प्रमोटर
3. डॉ सुनीता गोदारा ने 1992 की एशियाई मैराथन चैंपियनशिप जीती। उन्होंने 76 पूर्ण मैराथन (42.2 किमी) पूरा किया है
4. 2010 तक मैराथन दौड़ने वाले कैरियर में 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय दौड़ का रिकॉर्ड।
5. उन्होंने अधिकतम देशों में किसी भी भारतीय द्वारा अधिकतम अंतरराष्ट्रीय मैराथन जीती।
6. 2006 से, डॉ सुनीता पेशेवर रूप से शीर्ष भारतीय मैराथन धावकों का अखिल भारतीय स्तर पर 'अखिल भारतीय एलीट धावक समन्वयक के रूप में कार्य कर रही हैं।
7. फिटनेस और मैराथन सलाहकार भारत भर में फिटनेस और सकारात्मक जीवन शैली कार्यशालाओं का आयोजन
8. अटलांटा ओलंपिक 1996 में ओलंपिक मशाल वाहक/एस्कॉर्ट धावक।
9. डॉ सुनीता 2007 से शहरी झुग्गी बस्तियों की लड़कियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा और महिला अधिकारिता के कानूनी पहलुओं को कवर करने के लिए स्त्री शक्ति केंद्र संचालित कर रही हैं।

19. HFT ताइक्वांडो अकादमी ने अब तक मलिन बस्तियों और एमसीडी स्कूलों से 17000 लड़कियों को कवर किया है।

11. हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट सरकारी निकायों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों एवं कॉर्पोरेट और कंपनियों के साथ साझेदारी तथा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है।

*****

**मान्यवर महोदय,**

सप्रेम नमस्कार!

**सतना हाफ मैराथन : 2022 (20 नवम्बर, 2022, रविवार)**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा देश भर के खेल प्रेमी लोगों के लिए 20 नवम्बर, 2022 (रविवार) को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर, सतना (म.प्र.) से प्रारंभ होकर वहीं पर समाप्त होगी।

राष्ट्रीय स्तर की इस दौड़ का आयोजन प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु सेवा न्यास द्वारा तीसरी बार किया जा रहा है। यह दौड़ विंध्य एवं बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं एवं पर्यटन की दृष्टि से चित्रकूट, मैहर, खजुराहो, ओरछा, भीमकुंड, पन्ना टाइगर रिज़र्व, मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी एवं बॉंधवगढ जैसे रमणीक व ऐतिहासिक स्थलों को विश्व पटल पर विस्तार और महत्व बढ़ाने के लिये सहयोगी एवं उपयोगी सिद्ध होगी।

आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अवसर पर दिनांक 20 नवम्बर,2022 (रविवार) को आप इस मैराथन दौड़ में सम्मिलित होकर इसे गौरवशाली बनायें। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारियाँ एवं पंजीयन फार्म पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की

वेबसाइट: www.nyas.gpmsevanyas.org पर 10 अक्टूबर, 2022 प्रात:काल से उपलब्ध रहेंगी।

**त्रिस्तरीय दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के लोग भाग लेंगे :**

**(1) हाफ मैराथन:**

I) 21 किमी :18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला

II) 21 किमी: 45 वर्ष से अधिक पुरूष एवं महिला

(2) **युवा दौड़:**

I) 10 किमी: 12 से 45 वर्ष

पुरुष एवं महिला

II)10 किमी: 45 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला

(3) **अमृत दौड़:**

05 किमी: सभी आयु वर्ग पुरुष एवं महिला

सभी वर्गो में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों (60) लोगों को चार लाख से अधिक की पुरस्कार राशि, मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

आपसे अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में अपने स्तर पर सहयोग करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद,

अजय मिश्रा
09827216969

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 20 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर की दौड़ का आयोजन होगा सतना में सतना हाफ मैराथन:2022 के 60 विजेता धावकों को मिलेगी चार लाख से अधिक की पुरस्कार राशि

**मैडल व प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे :**

देश भर के खेल प्रेमी लोगों के लिए 20 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर की दौड़ का आयोजन सतना में होगा। आयोजन प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु सेवा न्यास द्वारा तीसरी बार यह आयोजन किया जा रहा है।रविवार को दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम सतना में प्रातः 6 बजे प्रारंभ होकर वहीं पर दौड समाप्त होगी। मिली जानकारी के अनुसार आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मध्यप्रदेश के सतना ज़िले में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा देश भर के खेल प्रेमी लोगों के लिए 20 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर की हाफ़ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। तीन तरह की होने वाली दौड़ में हाफ़ मैराथन 21 किलोमीटर, युवा दौड 10 किलोमीटर एवं अमृत दौड 5 किलोमीटर में उम्र अनुसार धावक भाग ले सकते हैं।

यह दौड़ विंध्य एवं बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं एवं पर्यटन की दृष्टि से चित्रकूट, मैहर, खजुराहो, ओरछा, भीमकुंड, पन्ना टाइगर रिज़र्व, मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी एवं बॉधवगढ जैसे रमणीक व ऐतिहासिक स्थलों को विश्व पटल पर विस्तार और महत्व बढ़ाने के लिये सहयोगी एवं उपयोगी सिद्ध होगी।पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की इस मैराथन के संयोजक अजय मिश्रा जी ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अवसर पर 20 नवम्बर दिन रविवार को इस मैराथन दौड़ में देश भर के खेल प्रेमी लोगों को सम्मिलित होकर इसे गौरवशाली बनायें जाने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की विस्तृत जानकारियाँ एवं पंजीयन फार्म पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की वेबसाइट www.nyas.gpmsevanyas.org पर 10 अक्टूबर प्रात:काल से उपलब्ध रहेंगी।त्रिस्तरीय दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के लोग भाग लेंगे :(1) हाफ मैराथन ) 21 किमी :18 से 45 वर्ष तक के अधिक पुरुष एवं महिला, 21 किमी: 45 वर्ष से अधिक पुरूष एवं महिला(2) युवा दौड़ 10 किमी 12 से 45 वर्ष पुरुष एवं महिला 10 किमी: 45 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला(3) अमृत दौड़ 05 किमी: सभी आयु वर्ग पुरुष एवं महिला । सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले (60) धावकों को चार लाख से अधिक की पुरस्कार राशि, मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। साथ ही उन्होंने मीडिया के व सोशल मीडिया के माध्यम से अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में अपने स्तर पर सहयोग करने का कष्ट करें।

# अंतिम कवर पेज पर




**PHOTOS**




**PHOTOS**





प्रकाशक

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)

'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

gpmsevanyas.org gpmsnyas@gmail.com

Pt. Ganesh Prasad Mishra Seva Nyas

gpmsevanyas gpmsnyas

ई-मेल : gpmsnyas@gmail.com
Websibe: https://www.gpmsevanyas.org
Twitter: https://twitter.com/gpmsnyas
Facebook: https://facebook.com/gpmsevanyas
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UCrjx3Y51xANTca8cTSgXUBg

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)
'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)
www.gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas

ई-मेल : gpmsnyas@gmail.com
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UCrjx3Y51xANTca8cTSgXUBg